Regarding setting up of industries in Sheohar district, Bihar ? Laid

श्रीमती लवली आनंद **(**शिवहर**) :** मेरे अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर के एक महत्वपूर्ण विषय को माननीय उधोग मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहती हूँ , शिवहर बिहार का एक छोटा जिला होने के साथ-साथ तीन ओर से सीतामंढ़ी , मुज़्ज़फ़रपुर और मोतीहारी से जुड़ा हुआ है और एक ओर नेपाल से जुड़ा हुआ है । शिवहर संसदीय क्षेत्र से गरीबी ओर पिछडेपन के कारण यहाँ से मजदूरों का पलायन बहुत अधिक होता है । इसका मुख्य कारण जिले में कोई भी उद्योग का न होना है । यदि वहाँ कोई सीमेन्ट फैक्ट्री की स्थापना हो जाती है तो मजदूरों का पलायन तो रुकेगा ही , साथ ही वहाँ के स्थानीय लोगों को कुछ व्यवसाय भी होगा और राज्य को अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी । अतः मंत्री महोदय जी से आग्रह है की इस विषय को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द कोई उधोग स्थापित करने की कृपा करेंगे ।